Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-02-2006

Participants : Singh Shri Ganesh

an>

Title : Need to construct new roads and overbridges on National Highways in Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : सभापति महोदय, केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय सड़क निधि से सभी संसदीय क्षेत्रों से कम से कम एक सड़क बनाने की स्वीकृति देने का जो प्रावधान किया है, उस प्रावधान के तहत मध्य प्रदेश के कितने संसदीय क्षेत्रों में उक्त निधि से सड़क निर्माण करवाए जाने की स्वीकृति की जानकारी है? मैंने अपने संसदीय क्षेत्र सतना के अंतर्गत जिन सड़कों के प्रस्ताव दिये थे, उनमें खम्हरिया से बर्दाडीह, रेहुटा, सेमरावल नदी में पुल निर्माण अवेर तक 13 किलोमीटर की आज तक स्वीकृति न मिल पाने का क्या कारण है? इसी तरह राट्रीय राजमार्गों के निर्माण में भी गलत जानकारियां लगातार दी जा रही हैं। राट्रीय राजमार्ग सं. 75 रीवा से सतना के बीच माधवगढ़ के पास छोटी पुलिया होने के कारण बाढ़ का पानी भार जाने से आवागमन हमेशा प्रभावित होता रहता है जिसे बनाने हेतु कई बार प्रस्ताव दिये गये लेकिन आज तक स्वीकृति नहीं मिली।

इसी तरह राट्रीय राजमार्ग सं. 7 में मैहर शहर के अंदर रेलवे क्रासिंग होती है। यह रोड रेल परिवहन एवं सड़क परिवहन दोनों दृटि से अत्यंत व्यस्त रहता है। लगातार लोगों को रेलवे फाटक बंद होने के कारण अत्यंत परेशानी बनी रहती है। कई वर्ों से उस पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की जाती रही है। रेलवे विभाग का कहना है कि राट्रीय राजमार्ग पर पुल निर्माण सड़क परिवहन मंत्रालय बनाए। कभी कहता है कि राज्य सरकार अपने 25 प्रतिशत का शेयर जमा करे, तब विचार होगा। मैं जानना चाहता हूं कि आखिरकार इस संबंध में कोई हल निकलेगा या नहीं? क्या लोगों को इसी तरह परेशान होना पड़ेगा? मेरी मांग है कि प्रधान मंत्री जी इस समस्या को देखते हुए राट्रीय राजमार्ग पर ओवरब्रिज बनाए जाने की जल्द स्वीकृति देने का कट करें।